भारत सरकार

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

भारी उद्योग विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2967

जिसका उत्तर मंगलवार 13 मार्च, 2018 को दिया जाना है

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

2967. श्रीमती नीलम सोनकर:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) सरकार की नवरत्न कंपनियों की सूची में है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा भेल की कितनी शाखाएं हैं तथा यह देश के अन्दर तथा देश के बाहर कहां-कहां स्थित हैं; और

(ग) भेल में कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या कितनी है तथा इसका वार्षिक कारोबार कितना है?

उत्तर

भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री

(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) और (ख): भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को लोक उद्यम विभाग (डीपीई) के कार्यालय ज्ञापन सं. 22(1)/2009-जीएम दिनांक 01 फरवरी, 2013 के द्वारा 'महारत्न' का दर्जा प्रदान किया गया था।

बीएचईएल की शाखाओं की संख्या और स्थानों के संबंध में ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

ग): दिनांक 31.03.2017 की स्थिति के अनुसार भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) में कार्यरत नियमित कर्मचारियों की कुल संख्या 39,821 थी।

पिछले दो वर्षों में बीएचईएल का वित्तीय कारोबार निम्नानुसार है:

बीएचईएल	2015-16	2016-17
कारोबार # (I करोड़ में)	26,050	28,840

भारतीय लेखा मानक (इंडस्ट्रीज़ एएस) के अनुरूप।

अनुबंध

<u>वे मुख्य स्थल और उनकी संख्या जहां से बीएचईएल द्वारा व्यापारिक गतिविधियां शुरू की जाती हैं</u>

राष्ट्रीय अवस्थिति (भारत में)	i) पंजीकृत और कॉर्पोरेट कार्यालय: नई दिल्ली ii) कॉर्पोरेट आरएंडडी डिवीजन (1): हैदराबाद iii) विनिर्माण यूनिटें/प्रभाग (17): बेंगलुरु (3 यूनिटें), भोपाल, गोइंदवाल, हरिद्वार (2 यूनिटें), हैदराबाद, जगदीशपुर (2 यूनिटें), झांसी, रानीपेट, रुद्रपुर, थिरुमयम, तिरुचिरापल्ली (2 यूनिटें) और विशाखापटनम। iv) मरम्मत यूनिटें/केंद्र (2): मुंबई और वाराणसी v) क्षेत्रीय कार्यालय - पावर सेक्टर (4): नोएडा, कोलकाता, नागपुर और चेन्नई। vi) सेवा केंद्र (8): चंडीगढ़, कोलकाता, नागपुर, नोएडा, पटना, सिकंदराबाद, वडोदरा और वाराणसी vii) क्षेत्रीय विपणन कार्यालय (15): बेंगलुरु, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, रांची, जबलपुर, जयपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नई दिल्ली, रायपुर, सिकंदराबाद और वडोदरा। viii) ग्राहक परियोजना स्थल: देश भर में।
अंतरराष्ट्रीय अवस्थिति (विदेश)	जकार्ता (इंडोनेशिया), दुबई (संयुक्त अरब अमीरात), ढाका (बांग्लादेश); प्रमुख स्थल/स्थानीय कार्यालय: रामपाल (बांग्लादेश), वांगदु फोड्रांग (भूटान), त्रोंगसा (भूटान)।

******